देश के लिए.....अव्यवस्था के खिलाफ......

# जवाब दो!!!सरकार...

www.jawabdosarkar.com

अंक –2018/rtiexpose/02

E-Newsletter, Issued in Public Interest

मंगलवार, 27 दिसम्बर 2018




## लोक सूचना अधिकारी की मनमानी

## जोन 7 के एक्स.ई.एन अरुण कुमार शर्मा पैसा जमा करने के बावजूद नहीं दे रहे सूचना

### सड़क निर्माण में हुई धांधली के भंडाफोड़ के लिए मांगी थी सूचना

जे.डी.ए. में आम आदमी शिकायत करता रहता है और अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती,भले ही इसके लिए आप कितनी ही RTI लगा लो|जे.डी.ए. में तो मानो सूचना नहीं देने नित नए बहानों को खोजने की प्रतियोगिता ही होती है|इसी तरह का एक हथकंडा जे.डी.ए. के ज़ोन-7 के एक्स.ई.एन साहब श्री अरुण कुमार शर्मा द्वारा उनके ज़ोन में हुए एक सड़क निर्माण के मामले में बरता जा रहा है|

इस सड़क के निर्माण में शुरू से ही अनियमितता बरती जा रही थी जिसकी लगातार शिकायत जे.डी.सी. महोदय और आला अधिकारियों को की जाती रही,पहले तो एक ठेकेदार विशेष को इस सड़क के निर्माण का ठेका दिलवाया गया,जिसके पास संसाधनों के नाम पर कुछ भी नहीं था,फिर टेंडरों की शर्तों का उल्लंघन करते हुए सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती गयी और जे.डी.ए. अधिकारियों की सांठ-गांठ से घटिया सड़क का निर्माण कर दिया गया|


देश के लिए.....अव्यवस्था के खिलाफ......

जवाब दो!!!सरकार...

www.jawabdosarkar.com

E-Newsletter, Issued in Public Interest



देश के विकास में बाधक कौन???

भ्रष्ट नेता??

रिश्वतखोर अधिकारी??

बिका हुआ पत्रकार??

लालची ठेकेदार??

सफेदपोश माफिया??

जे.डी.ए. के जोन-7 में जसवंत नगर और रणजीत नगर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के आधे अधूरे निर्माण में घटिया सामग्री,अनियमितताओं के लिए दोषी कौन??

### सूचना के अधिकार के तहत मांगी सूचनाएं

इस मामले के सम्बन्ध में अधिक जानने के लिए सूचना के अधिकार के तहत दो सूचना आवेदन श्रीमान एक्स.ई.एन साहब को किये गए जिसके एवज में उनके द्वारा कुल 214 और 504 रूपये जमा करवाने की सूचना प्रार्थी को भेजी,जिस पर प्रार्थी द्वारा दिनांक 13/12/2018 को पैसे जमा करवा कर चालान श्रीमान एक्स.ई.एन साहब को पेश कर दिए|परन्तु आज दिनांक तक श्रीमान एक्स.ई.एन साहब द्वारा चाही गयी सूचनाएं उपलब्ध नहीं करवाई है|जब उनसे सूचनाओं के लिए फोन किया जाता है तो कर्मचारी नही होने के बहाने,छुट्टियों के बहाने बना दिए जाते है|

*(Continued on page 2)*

पता:-S1,झारखंड अपार्टमेंट,झारखण्ड महादेव मोड,जनरल सगत सिंह मार्ग,वैशालीनगर,302015 मोबाइल:-9828346151

## रोड के दोनों तरफ नहीं डाला मोर्रम(मिटटी)




ठेकेदार द्वारा जैसे तैसे पूरी कोलोनी में सड़क तो बना दी परन्तु रोड के दोनों तरफ रहने वाली कच्ची जगह पर टेंडर की शर्तानुसार मोर्रम नहीं डाली है जिससे बनी हुई सड़क का उठाव रोड लेवल से कही ज्यादा हो गया है और दो पहिया वाहनों के साथ दुर्घटना होने की सम्भावना बढ़ गयी है| इस ऊँची-नीची रोड के कारण बारिश के समय रोड के कटाव की सम्भावना भी बनी रहेगी|

## ठेकेदार ने दबा दिए कई मैनहोल




जल्दबाजी में काम करने और पैसे बचाने के चक्कर में ठेकेदार ने इस सड़क के निर्माण में कई मैनहोल तो सड़क के नीचे ही दबा दिए है,जब उसे उन दबे हुए मैनहोलों को उपर उठाने के लिए कहा जाता है तो ठेकेदार द्वारा बहाना बना दिया जाता है कि यह काम उसके वर्क-आर्डर में नहीं है उसका काम केवल तिराहों और चौराहों पर दबे हुए मैनहोलों को ही उपर उठाने का है|

### जिम्मेदार अधिकारी

एक्स.ई.एन :-श्री अरुण कुमार शर्मा

ए.ई.एन.:-श्री नरेंद्र अग्रवाल

जे.ई.एन.:-श्री पुनीत चारण




जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
(प्रकोष्ठ में जमा कराने वाली प्रति)
प्रकोष्ठ : Executive Engineer 07
चालान संख्या 607621
खाता सं. 675401700500
दिनांक 14/12/2018 Valid upto 13/01/2019
जमाकर्ता / आवेदनकर्ता का नाम GYANESH KUMAR SHARMA
RTI
जमा की जाने वाली राशि का विवरण

| Code | Head | Rupees |
|---|---|---|
| 1020312 | Duplicate Copy Fees | 214.00 |
| | कुल योग (अंकों में) | 214.00 |

Amount (Rs.)=214.00
Payment Mode-Cash
ICICI BANK LTD. JDA CAMPUS, JAIPUR 14 DEC 2018 CASH RECEIVED
चालान संख्या 607621
Contact No.
हस्ताक्षर जमाकर्ता

**रकम जमा के चालान**



जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
(प्रकोष्ठ में जमा कराने वाली प्रति)
Executive Engineer 07
चालान संख्या 607622
खाता सं. 675401700500
दिनांक 14/12/2018 Valid upto 13/01/2019
जमाकर्ता / आवेदनकर्ता का नाम GYANESH KUMAR SHARMA
RTI
जमा की जाने वाली राशि का विवरण

| Code | Head | Rupees |
|---|---|---|
| 1020312 | Duplicate Copy Fees | 504.00 |
| | कुल योग (अंकों में) | 504.00 |

Amount (Rs.)=504.00
Payment Mode-Cash
ICICI BANK LTD. JDA CAMPUS, JAIPUR 14 DEC 2018 CASH RECEIVED
चालान संख्या 607622
Contact No.
हस्ताक्षर जमाकर्ता